## सार-समाचार

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**डूंगरपुर, (निसं)।** विदेश में नौकरी देने के नाम पर एक युवक से 31 लाख 72 हजार की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीडित ने ठगी करने वाले 7 लोगों के खिलाफ नामजद दोवडा थाने में गुरुवार रात को मामला दर्ज कराया है। बनकोडा निवासी दीपक पुत्र विनोद उपाध्याय ब्राइट वे इमिग्रेशन के नाम व शैली से मध्यम वर्ग के लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का कार्य करता है। जिसका सोशल मीडिया पर सुभाष नगर जयपुर निवासी राहुल व अजय से संपर्क हुआ। उनकी कंपनी के माध्यम से लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर वीजा दिलाने का विश्वास दिलाया। इस पर दीपक ने जयपुर स्थित कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इसके बाद दीपक को चंडीगढ की अभिलक्ष शर्मा व सुभाष नगर जयपुर निवासी रोहित नायर से फोन से संपर्क कराया।उन्होंने कनाडा इमीग्रेशन लॉयर में स्वयं की दो कंपनियां के माध्यम से व्यवसाय का संचालन करना बताया। इनकी बातों में आकर दीपक ने चारों लोग सहित अभिलक्ष की पत्नी आकांक्षा शर्मा की जांच पडताल की। पता सही पाए जाने पर पीडित को विश्वास हो गया। इस पर आरोपियों ने षड्यंत्र पूर्वक मिलीभगत कर पीडति के ग्राहकों की वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढाने 15 लाख नकद देने की बात की। इस पर पीडित ने 13 जनवरी 2024 को स्काई सरफेज ट्रेवल्स कृष्णा सुभाष नगर जयपुर में जाकर आरोपी राहुल व अजय को तय राशि दी। पीडित से ग्राहकों को वीजा उपलब्ध कराने के नाम अलग-अलग दिन में 16 लाख 72 हजार रुपए ऑन लाइन ट्रांजेक्शन किए। पीडित ने सभी आरोपियों से संपर्क किया लेकिन फोन बंद आया तो जयपुर ऑफिस पहुंचा तो यहां पर ताले नजर आने के बाद धोखाधडी का माजरा समझ में आया तो अन्य एजेंटों से इसकी जानकारी जुटाई तो संदीप नाम के युवक ने पीडित को वीडियो कॉल कर आरोपी राहुल व अजय को दिखाया और कहा की मेरे रुपए वसूल होने के बाद आपके रुपए लौटा दूंगा कह कर फोन बंद कर दिया।

### गर्भवती महिला की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के पिपलादा गांव में एक गर्भवती महिला की तबीयत बिगड गई। परिजन उसे डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हाजा कलासुआ ने बताया की उसकी पत्नी रेखा कलासुआ गर्भवती है। उसके लास्ट महीना चल रहा था। गुरुवार रात करीब 10 बजे रेखा की तबीयत अचानक बिगड गई। उसके सीने में दर्दए घबराहट की शिकायत होने लगी। वहींए उल्टियां भी हुई। तबीयत बिगडने पर देर रात को उसे डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आएए लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत के साथ ही गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। इसके बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। जहां पुलिस की ओर से पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी। पति हाजा कलासुआ ने बताया की उनके 3 बच्चे पहले से है। जिसमें 2 बेटे और 1 बेटी है। तीनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया।

### दो दिवसीय कॉनक्वेल 6 जुलाई से

**उदयपुर, (कासं)।** जीतो उदयपुर चेप्टर की मेबजानी में आगामी 6 व 7 जुलाई को हॉली माउण्ट रिसॉट में दो दिवसीय जीतो राजस्थान जोन का कॉनक्वेल का आयोजन होगा। जीतो उदयपुर चेप्टर अध्यक्ष विनोद फान्दोत एवं कार्यक्रम संयोजक संजय भण्डारी ने बताया कि ष्मंथन इंस्पायर टूडे एण्ड ट्रांसफर्म टूमारोष् की थीम पर जीतो राजस्थान जॉन का कॉनक्वेल कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के 10 चेप्टरों से करीब 1500 से अधिक सदस्य इस आयोजन में शामिल होंगे। राजस्थान जोन के चीफ सेकेट्री महावीर चपलोत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया होंगे।चीफ सेकेटरी धर्मेश नवलखा, महिला विंग अध्यक्षा विजयलक्ष्मी गलूंडिया व युथ विंग अध्यक्ष दिव्याद दोशी ने बताया कि कार्यत्र्क्रम में मोटिवेशनल गुरु सोनू शर्मा, हैप्पीनेस कोच संचार विशेषज्ञ आयशा गनी आदि प्रस्तुति देंगे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** साबला थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक नाबालिग का अपहरण कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मामले में आरोपी पिछले एक महीने से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साबला थानाधिकारी ने बताया कि 20 मई को थाना क्षेत्र निवासी एक पिता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। इसके बाद आरोपी ने नाबालिग के साथ रेप किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को पकडने के लिए कई जगह दबिश दी,लेकिन वह पकड में नहीं आया। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### उदयपुर के झाडोल में ढाई इंच बारिश

**उदयपुर, (कासं)।** मानसून के पहले दौर में मेवाड के कई क्षेत्रों में उम्मीद अनुरूप बारिश का क्रम बना हुआ है। बीती रात उदयपुर जिले सहित प्रदेश में कई जगह मध्यम से तेज बारिश का दौर चला। उदयपुर जिले में झाडोल में 24 घंटे में करीब ढाई इंच बारिश हुई। शुक्रवार सुबह भी उदयपुर शहर सहित कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। जलसंसाधन विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे तक उदयपुर शहर में 2 मिलीमीटर, मावली 11, खेरवाडा 19, ऋषभदेव 29, झाडोल 64, भींडर 4, कुराबड 19,कानोड 43, सेई डेम 43, देवास 22 और कोटडा में 12, सज्जनगढ बांसवाडा 33 मिलीमीटर, सोम कमला आंबा डूंगरपुर 41, आसपुर 36, देलवाडा राजसमंद 41, राजसमंद 4०, सलूंबर जयसमंद 26 मिलीमीटर बारिश हुई।

# मारपीट करने के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस ने शराब के लिए पैसे मांगने और मारपीट करने के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने रात्रि के समय मोटरसाइकिल पर सवार से शराब के लिए पैसे मांगने और आनाकानी करने पर मारपीट करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार प्रार्थी राकेश पिता नारायणलाल मीणा निवासी रीछा फला मछलैया थाना निठाउवा थाने पर उपस्थित होकर प्रकरण दर्ज करवाया कि वह व साथी सोहन पुत्र 21 जून को गुजरात अहमदाबाद से मोटरसाईकिल लेकर रीछा आने के लिये निकले थे समय

- अपहरण के मुख्य आरोपी सहित तीन जने गिरफ्तार, बोलेरे जब्त

करीब 1० बजे शाम को पुराना बस स्टेण्ड पहुंचे जहां चाय-नाश्ता कर आगे की ओर बढे थे, कि अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोककर शराब के लिए पैसे मांगे। जब उन्हें मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गये,जिससे हम दोनो ही जमीन पर गिर गये। जब हम उठते तब तक वे अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। इस घटना में राकेश के दाहिने हाथ व कंधे पर अन्दरूनी चोटे आई व फैक्चर हो गया। जब कि सोहन को भी अन्दरूनी चोटे आई। दर्ज प्रकरण पर पुलिस ने दल का गठन कर ऐसे बदमाशों की सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर कमलेश पुत्र बाबूलाल हडात निवासी छेला खेरवाडा तथा राजेन्द्र पुत्र गोविन्द आमलिया निवासी रेंटा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

इसी प्रकार अन्य मामले में जिले के आंतरी कब्जे से गत दिनों एक युवक का अपहरण करने के आरोप में वरदा पुलिस ने अपहरण के मुख्य आरोपी सहित तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया है तथा प्रयुक्त में ली गई बोलेरे वाहन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आंतरी कस्बे में गत 21 जून अज्ञात बदमाशानों द्वारा विपिन पिता मोतीलाल डामोर निवासी आंतरी फला झालरी को सफेद बॉलरो गाडी मे डालकर अपहरण कर ले गये थे जिस पर उसकी पीडित मां ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की गभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर पीडित को दस्तयाब कर घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो को डिटेन किया जो मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार थाना हाजा पर गठीत टीम की गई। गठित टीम द्वारा शुक्रवार को घटना का मुख्य आरोपी सुरेश उर्फ शैम्पु अहारी को इसकी बहन के घर नवाडेरा थाना कोतवाली से तथा घटना के साथी सुन्दर पुत्र शंकर खांट व साहिल उर्फ शैलु पिता विशाल खांट निवासी सांसरपुर फला आमलीफला को थाना चौरासी के अनपुरा गावं से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को आरोपी सुन्दर से जब्त कर ली है। उक्त आरोपी से पूछताछ जारी है।

# स्थायीकरण की मांग को लेकर सी.ई.ओ. को दिया ज्ञापन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज. शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने जिला संयोजक दिनेश मईडा, सह संयोजक दिलीप पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंसीलाल डिंडोर और जिला मीडिया प्रभारी जनक भट्ट के नेतृत्व में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल 1 के शिक्षकों के स्थायीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।


जिला परिषद के सी.ई.ओ.को शिक्षकों के स्थायीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन देता शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रतिनिधि मंडल।

जिला संयोजक दिनेश मईडा ने बताया कि 2021-22 में 800 तृतीय श्रेणी अध्यापकों की भर्ती हुई थी। उक्त सभी अध्यापकों के स्थायीकरण आदेश इस सत्र 2024 में होने है। प्रारम्भिक शिक्षा विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार लगभग 200 शिक्षकों के स्थायीकरण की फाइल मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्तर पर कार्य प्रगति के अभाव में लंबित हैं। जिले में लगभग 400 एल-1 शिक्षको की भर्ती हुई थी जिसमें से अधिकांश शिक्षको की नियुक्ति तिथि 31 मई थी। जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय ने लगभग 200 शिक्षको के स्थायीकरण की फाइल पूर्ण कर जिला परिषद कार्यालय को पिछले कई दिनों से आगामी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रेषित की है लेकिन अभी तक स्थायीकरण के आदेश नहीं हो पा रहे है। ऐसे में विलंब के कारण शिक्षको में रोष व्याप्त है। वही राज्य के अन्य जिलों में विभागीय स्तर पर तत्परता बताते हुए स्थायीकरण के आदेश जारी हो चुके है। शिक्षकों के स्थायीकरण के अभाव शिक्षकों के वेतन निर्धारण, पीएल और मेडिकल आदि सुविधाओं से वंचित रह रहे हैं। राज.शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने संबद्ध अधिकारियों से शिक्षकों के जल्द से जल्द स्थायीकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अन्यथा संगठन को आंदोलन करने को विवश होना पडेगा। जिला मीडिया प्रभारी जनक भट्ट ने बताया कि ज्ञापन पर जिगर सिंह राव, हर्षराज सिंह चौहान, जिमेश सुथार आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) उदयपुर के विज्ञान संकाय के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में जलवायु परिवर्तन का जैव विविधता पर प्रभाव विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, वरिष्ठ सीए एवं समाजसेवी डॉ. श्याम सिंघवी, मुख्य अतिथि केन्द्रीय विवि हरियाणा की प्रो. नीरजा धनकर, विशिष्ठ अतिथि एमपीयूटी के पूर्व डीन प्रो. विमल शर्मा, मुख्य वक्ता पूर्व डीन प्रो. एल. एल. शर्मा, निदेशक डॉ सपना श्रीमाली, सांयकालीन निदेशक डॉ. जय सिंह जोधा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पुरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है इससे आमजन ही प्रभावित नहीं हो रहा है वरन् जैव विविधता पर भी इसका असर हो रहा है। जल, नदी व जंगल हमारे लिए केवल प्राकृतिक वस्तुएॅ नहीं हैं, ये तो हमारे अस्तित्व व आत्मा से जुडे हैं। इनसे हमें उतना ही प्रेम है जितना स्वयं से है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव सभ्यता जीवित रहेगी।

# छात्र के साथ हुई रैगिंग के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद, (निसं)।** पिछले दिनों डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र प्रथम व्यास के साथ हुई रैगिंग जैसी अमानवीय घटना को लेकर विप्र फाउंडेशन एवं सर्व ब्राह्मण समाज ने विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष शांतिलाल पालीवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल को ज्ञापन सौंप कर रोष व्यक्त किया। विप्र प्रवक्ता पं गौरव पालीवाल ने बताया कि पिछले दिनों डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र प्रथम व्यास के साथ 48 डिग्री सेल्सियस जैसे तापमान में 35० उठक बैठक लगवाई गई। जिस कारण उस छात्र की हालत बेहद गंभीर हो गई और उसे अहमदाबाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जहां छात्र को डायलेसिस तक की नौबत आ गई। जिलाध्यक्ष शांतिलाल पालीवाल ने कहा कि उस छात्र के साथ इस अमानवीय कृत्य करने वाले छात्रों को कडी से कडी सजा दिलवाई जाए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। जिला महामंत्री भरत पालीवाल ने कहा कि प्रथम व्यास के परिवार को चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जाए एवं प्रथम व्यास को राज्य सरकार सुरक्षा प्रदान करें। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत पालीवाल ने कहा कि राजस्थान में रैगिंग जैसी घटनाओं को सख्ती से रोका जाएं। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल पालीवाल, प्रदेश सचिव शशिकांत महाकाली, प्रदेश महिला सचिव सविता पारीक, वीसीसीआई जिलाध्यक्ष गोविंद सनाढ्य, महामंत्री अरुण बागोरा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### डूबने से दो युवकों की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर में शुक्रवार सुबह पानी में अलग-अलग डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। एक घटना अम्बामाता थाना क्षेत्र फतहसागर झील में व दूसरी घटना भूपालपुरा थाना क्षेत्र में स्थित गंगु कुंड पर हुई जहां नहाने गए युवक पानी में डूब गए।शुक्रवार सवेरे इन्द्रा कॉलोनी मादडी रोड़ टेकरी सूरजपोल निवासी मंथन अधिकारी (24) पुत्र देवेन्द्र अधिकारी अपने चाचा पुष्पेन्द्र सिंह अधिकारी तथा चचेरी बहन नित्यांशी के साथ फतहसागर पर नहाने गया था। जहां तैरने के दौरान मंथन पानी में डूब गया। मंथन तैरना सीख रहा था और ट्यूब लेकर चल रहा था। दूरी पर जाने के बाद उसके हाथ से ट्यूब छूट गया और हड़बड़ाहट में वह पानी में गोते खाने लगा और डूब गया। युवक को डूबता देख चिल्लाने पर लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच मृतक को बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर एएसआई नरेन्द्रसिंह ने मृतक पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं भूपालपुरा थाना क्षेत्र में महासतिया स्थित गंगू कूण्ड पर नहाने आए प्रहलाद (39) पुत्र नाथूलाल खटीक की पानी में डूबने से मौत हो गई। प्रहलाद सवेरे नहाने गया था जहां पानी मे डूबता देख लोगों के चिल्लाने पर उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी डूब गया। पर सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे बाहर निकाला। एएसआई हीरसिंहने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सोंप दिया।

### नकदी लूटने वाले पांच गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जल जीवन मिशन योजना के श्रमिकों के साथ मारपीट कर नकदी लूट की वारदात करने वाले पांच आरोपियों को ऋषभदेव थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 10 जून करे पीडित चरणसिंह पुत्र तेजसिंह रावत ठेकेदार जल जीवन मिशन योजना बिलख गडावत ऋषभेव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसनेबताया कि 9 जून को मै व साथी मजदूरी प्रतापसिंह, भरतसिंह, रतनसिंह, अभिषेक, उम्मेद व साथी ग्राम पंचायत भवन गडावत के छत पर सो रहे थे। इस दौरान नकाब पहने आए 10-15 लोगो ने तलवार दिखाते हुए धमकाया तथा मारपीट कर 15 हजार रूपये नकदी, मशीनों का डीजल, फ्यूजन मशीन, मोबाईल ले गए तथा जाते समय जीप के कॉच फोड़ कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्यामसिंह के नेतृत्व में एसआई रामलाल, एएसआई श्यामसुन्दर मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर साहिल उर्फ सागर पुत्र लक्ष्मण मीणा, संजय पुत्र भगवानलाल मीणा, नमीष पुत्र गुन्जारीलाल मीणा, अभिषेक पुत्र माणकलाल मीण,अविनाश पुत्र राजकुमार मीणा को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### होटलकर्मी ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में होटलकर्मी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में सुल्तानजी का खेरवाड़ा झाड़ोल हाल शौभागपुरा निवासी दयालाल पुत्र हुरमाजी गमेती ने होटल की छत पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। रात में दयालाल ने अपने भाई को सवेरे गांव चलने के लिए फोन पर बातचीत की थी। सवेरे फोन नहीं उठाने पर भाई ने होटल कर्मियों को फोन कियां इस पर तलाश की तो वह छत पर फांदे पर लटका हुआ मिला। इसकी सूचना मिलने पर सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने मौके पर पहुंच कर फंदे से निचे उतार चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इस पर हेडकांस्टेबल जसवन्तसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

### 5 परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**उदयपुर, (कासं)।** मोहन लाल सुखाडिया विवि द्वारा आज 5 परीक्षाओ के परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. सी. कुमावत द्वारा घोषित कराये गए। परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमावत ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि जारी किए ०5 परीक्षा परिणामों के अन्तर्गत एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (एनइपी) इतिहास, जैनोलॉजी और प्राकृत, संगीत (वाद्य और सितार), समाजशास्त्र, एलएलबी तृतीय वर्ष के परिणाम घोषित किए गए हैं। घोषित परिणाम की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विवि द्वारा इस माह में 25 परिणाम पहले ही घोषित किये जा चुके है । इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया की विवि के अन्य मुख्य परिणाम भी अतिशीघ्र आगामी सप्ताह में घोषित किए जाएगें।

### जेवरात, पर्स व मोबाइल लूटा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के बापूबाजार स्थित टाइटन शोरूम के समीप अज्ञात बदमाश महिला को बातों में लगा सम्मोहित कर जेवरात, पर्स व मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना शाम 4.30 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद दोनों संदिग्ध ऑटो में सवार होकर फरार हो गए। ऑटो चालक ने उन्हें ठोकर चौराहे पर उतारने की बात कही। पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### प्रतिभाओं का सम्मान

**बांसवाड़ा, (निसं)।**राबाउमावि चंद्रपोल गेट में सत्र 2०23-24 में 1०वीं व 12वीं बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली 1० छात्राओं का सम्मान किया गया। विद्यालय की प्राची जैन ने कक्षा दसवीं में 94.67 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, अंशिका राज ने 93.50फीसदी अंक अर्जित कर द्वितीय एवं श्रेया राजोरा ने 93.17 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का गौरव बढाया।

# ट्रक चौराहा के प्रवेश द्वार पर खड्डा व कीचड़ से हादसे की आशंका

**भीम, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के तहत भीम से कामलीघाट वाया टॉडगढ़ मंडावर निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही से आम जनता को परेशानी हो रही है। उपखंड मुख्यालय के ट्रक चौराहा के प्रवेश द्वार पर ही गहरा खड्डा एवं कीचड़ होने से दुपहिया वाहन चालकों तथा पैदल राहगीरों के फिसलकर हादसे की आशंका बनी हुई है।

भीम से कामलीघाट वाया टॉडगढ़ मंडावर सड़क निर्माण के दौरान धर्मेशपुरी, टॉडगढ़ रोड, बस स्टैंड आदि कई जगह पर विद्युत पोल सड़क के बीच लगे रहने से कभी भी दुर्घटनाएं हो सकती है। पीडब्ल्यूडी विभाग के जेईएन बलराम मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा योजना 2023-24 के तहत स्वीकृत भीम से कामलीघाट वाया टॉडगढ़ मंडावर तक कुल 36.50 किलोमीटर सड़क की लागत 50 करोड रुपए है तथा इस सड़क निर्माण कार्य को 5 अक्टूबर 2023 को प्रारंभ किया गया है। आगामी 4 अगस्त 2024 तक कार्य पूर्ण करने की तिथि है तथा इस सड़क निर्माण कार्य में सड़क शुद्धीकरण व चौड़ाईकरण का कार्य शामिल है तथा सड़क के दोनों और ढाई फीट की नाली का निर्माण किया जाएगा।कस्बे के धर्मेशपुरी टॉडगढ़ रोड ट्रक चौराहा


उपखंड मुख्यालय के ट्रक चौराहा के प्रवेश द्वार पर खड्डा एवं कीचड़ होने से दुपहिया वाहन चालकों व पैदल राहगीरों के फिसलकर हादसे की आशंका बनी हुई है।

आदि क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया की सार्वजिनक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण मुख्य बाजार के अंतर्गत रोडवेज बस स्टैंड रोड पर कई महीनों से रोड का निर्माण बहुत ही धीरे चल रहा है। रोड ठेकेदार की मनमानी के चलते बिना नाली बनाये आधा रोड बनाया गया है। जिससे रोड पर गन्दा पानी कीचड़ के रूप में दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ हैं। नालियों के पानी के लिए कोई अस्थाई व्यवस्था बिना किये ठेकेदार द्वारा अधूरा काम छोड़कर दूसरी जगह काम शुरू किया गया है। जबकि यह मार्ग टॉडगढ़ से भीम का मुख्य मार्ग है जो हर समय व्यस्त रहता है। महिलाओं और बुजुर्गों का तो इस व्यस्त मार्ग से निकलना असम्भव हो गया है।

इसी मार्ग पर कई बार बाइक सवार इस रोड पर गिर पड़े जिससे उन्हें गम्भीर चोट भी आयी है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की ठेकेदार से सांठगांठ होने के कारण ठेकेदार धीमी गति से मनमर्जी के अनुसार काम कर रहा है। कई बार परेशान दुकानदारों द्वारा रोड के ठेकेदार से बात करने पर ठेकेदार द्वारा सन्तुष्ट जवाब नहीं मिला। विजय सिंह मीणा एक्सईएन सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड भीम ने बताया कि कस्बे के ट्रक चौराहे से टॉडगढ़ रोड पर 90 मीटर तक सीसी रोड कार्य प्रारंभ है , सीसी तराई पूर्ण होने के बाद दूसरी तरफ कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस सड़क के बीच एक मीटर चौड़ाई का बीचों-बीच डिवाइडर निर्माण भी किया जाएगा। उस दौरान बिजली पोल अन्यत्र स्थापित करने के लिए विद्युत विभाग को अवगत करा दिया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का समापन

**राजसमंद, (निसं)।** श्रीहरि ने कृष्ण अवतार में पृथ्वी लोक पर दुर्जनों दुष्टों एवं पापियों का संहार कर प्राणि मात्र को भयमुक्त किया। कंस, पुतना व कालिया नाग जैसी आसुरी वृत्तियों का विनाश एवं अहंकारी दुर्योधन, व दु:शासन जैसे दुर्जनों का मान मर्दन व सर्वनाश कर धर्म की पुर्नस्थापना की। तब पृथ्वी पापाचाार, अत्याचार व दुराचार के भार से मुक्त हुई। प्रभु ने मानव कल्याण के लिए अनेक लीलाएं रची एवं निष्काम कर्म व भक्ति का संदेश दिया और अपनी समस्त लीलाएं पूर्ण कर पुन: वैकुण्ठ धाम प्रस्थान कर गए। सातवें दिन मृत्यु के श्राप से श्रापित राजा परीक्षित एवं शुकदेव भगवान संवाद के आखरी चरण का वर्णन करते हुए संत विजय हरिप्रभु ने ये उद्गार व्यक्त किए। शहर की पुरानी सब्जी मण्डी प्रांगण में जनता मंच व स्थानीय इस्कॉन केन्द्र की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के अंतिम दिन गुरूवार रात उन्होंने कई प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मृत्यु सन्निकट होने के बाद भी राजा परीक्षित तनिक भी भयग्रस्त नहीं हुए तथा प्रभु कथा श्रवण करते रहे। दिव्य कथा श्रवण के पुण्य फल से श्रीहरि की ऐसी कृपा हुई कि प्रभु स्वयं परीक्षित को अपने साथ वैकुण्ठ धाम ले गए। शुकदेव भगवान कहते है कि जो व्यक्ति अपने हृदय को पवित्र रखकर श्रद्धापूर्वक भागवत कथा श्रवण करता है तो भगवान उसके हृदय में प्रकट हो जाते हैं।

# नशा नहीं करने का लिया संकल्प

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक नर्सिंग विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में युवाओं को धुम्रपान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, मुख्य वक्ता

- युवा राष्ट्र, समाज की धरोहर : प्रो. सारंगदेवोत
- धूम्रपान के प्रति युवाओं को किया जागरूक

डॉ. पीसी जैन, आईटी निदेशक प्रो. मंजू मांडोत, कोर्डिनेटर मुकेश चैधरी ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रारंभ में मुकेश चैधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी।


जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो.सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने युवाओं का आव्हान किया कि वे बुरी आदतों से बचे। युवा समाज, राष्ट्र की धरोहर है। देश की उन्नित के लिए व्यसन मुक्त भारत जरूरी है, लाखों योनिया पार कर मनुष्य जीवन मिलता है इसे व्यर्थ में न गवाये। किसी व्यक्ति को नशे की लत लग जाने पर उससे पुन: निकलना बड़ा मुश्किल होता है।मुख्य वक्ता जिला व्यसनमुक्त भारत के सदस्य, वरिष्ठ चिकित्सक व जल मित्र डॉक्टर पीसी जैन ने कहा कि नशा छोड़ने में नशे के रोगी को तीन तरह के डर हमेशा सताते रहते हैं। पहला मैं नशा छोड़ने के समय होने वाले विड्रॉल सिम्टम्स अर्थात विदाई के दर्दों को कैसे सहन करूंगा, दूसरा नशा छुड़ाने हेतु न जाने कैसा इलाज होगा कहीं इलेक्ट्रिक शॉक ना लगाना पड़ जाए, तीसरा कहीं दूसरे लोगों को इसका पता ना लग जाए। इन तीनों डरो को नर्स जो कि रोगी के संपर्क में अधिक समय रहती है उसे भावात्मक रूप से इन डरो से दूर कर सकती है जिससे नशा मुक्त होने में रोगी का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। प्रारंभ में नशा क्यों होता है इसके 12 एफ, नशा छुड़ाने के भी सात डी, और नशे के रोगी से बात करने के पांच ऐ के बारे में विस्तार से समझाया। सभी तरह के नशे शराब ,तंबाकू, अफीम ,गांजा , एम डी के बारे में संक्षिप्त जानकारी डॉक्टर पीसी जैन ने सबको दी। तंबाकू चाहे वह चबाने वाली हो या धूम्र पान करने वाली हो को उन्होंने दीमक की तरह घातक माना। दिन में कुछ समय मोबाइल- व्रत रखने का सभी से आठाह किया गया।नशा छुड़ाने हेतु एक एक्सरसाइज सभी से करवाई और अंत में नशा गीत एवं नृत्य भी किया गया। सभी ने नशा न करने का संकल्प लिया एवं हर माह कम से कम दो नशावान को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में नर्सिंग समन्वयक मुकेश चैधरी, अंकिता कँवर, डिम्पल आमेटा , जिगिशा मुर्डिया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।